प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
20.04.2024 / प्रादेशिक समाचार / 19:45 बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- केन्द्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने लोकसभा चुनाव में 4 सौ से अधिक सीटें जीतने का किया दावा–कांग्रेस को बताया भ्रष्टाचार में डूबी हुई पार्टी।
- लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस की बैठकें जारी–पार्टी ने आज शिमला संसदीय सीट पर जीत के लिए बनाई रणनीति।
- भाजपा का आरोप–विधानसभा चुनाव में जनता से किए गए वायदों को पूरा नहीं कर पाई कांग्रेस सरकार।
- बहुजन समाज पार्टी ने प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों के लिए की उम्मीदवारों की घोषणा।

अनुराग ठाकुर

भाजपा के वरिष्ठ नेता और सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर आज से हिमाचल प्रदेश के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। दौरे के पहले दिन हमीरपुर जिले के सुजानपुर में भाजपा महिला मोर्चा मण्डल सम्मेलन के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने दावा किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा 4 सौ से अधिक सीटें जीतने का लक्ष्य पूरा करेगी। अनुराग सिंह ठाकुर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी परिवार व भ्रष्टाचार में डूबी हुई है और इसके अलावा इण्डी गठबंधन से जुड़े सभी लोग भ्रष्टाचार में संलिप्त हैं उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के तौर पर नरेन्द्र मोदी ने देश की जनता का विश्वास जीता है और वे लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में केन्द्र सरकार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में कई कदम उठाए हैं।
केन्द्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान में बढ़–चढ़कर भाग लेने के लिए मतदाताओं का आभार भी जताया। इस बीच उन्होंने सुजानपुर में भाजपा के मण्डल कार्यालय का भी शुभारम्भ किया। सुजानपुर विधानसभा उपचुनाव के पार्टी उम्मीदवार राजेन्द्र राणा सहित अन्य नेता इस अवसर पर मौजूद रहे।

कांग्रेस बैठक

लोकसभा चुनाव में जीत को लेकर रणनीति बनाने के लिए कांग्रेस पार्टी की बैठकों का दौर जारी है। इसी कड़ी में पार्टी ने आज कांग्रेस मुख्यालय में शिमला संसदीय क्षेत्र में जीत के लिए रणनीति तैयार की। पार्टी के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, शिमला से कांग्रेस उम्मीदवार विनोद सुल्तानपुरी सहित अन्य वरिष्ठ नेता इस दौरान मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि पिछले वर्ष आई आपदा के समय राज्य सरकार ने केन्द्र सरकार की मदद के बिना बेहतरीन कार्य किया है। उन्होंने पिछले 15 महीने की उपलब्धियों का भी जिक्र किया।

मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि भाजपा ने केवल हिमाचल प्रदेश को मिलने वाली मदद को रूकवाने का काम किया है। कांग्रेस प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी ने कहा कि वे मुद्दों के आधार पर लोकसभा चुनाव में उतरेंगे।

सुनवाई

राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी रहे अभिषेक मनु सिंघवी की याचिका पर आज प्रदेश उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई है। याचिकाकर्ता पक्ष की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने राज्यसभा चुनाव में जीत हासिल कर सांसद बने व मामले में प्रतिवादी बनाए गए हर्ष महाजन को नोटिस जारी किया है। न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता नीरज गुप्ता ने बताया कि इस मामले में अगली सुनवाई 23 मई को निर्धारित की गई है। उल्लेखनीय है कि अभिषेक मनु सिंघवी ने राज्यसभा चुनाव में बराबर मत मिलने के बाद लॉटरी प्रक्रिया से

निकाले गए परिणाम को लेकर न्यायालय में चुनौती दी है। दायर याचिका में उन्होंने मुकाबला बराबरी पर छूटने के बाद पर्ची से विजय घोषित करने के नियम को गलत बताया है।

मुसाफिर

वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस से बागी हुए गंगूराम मुसाफिर की एक बार फिर पार्टी में वापसी हो गई है। उन्होंने आज शिमला स्थित पार्टी मुख्यालय में अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस में वापसी की। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह सहित अन्य नेता मौजूद रहे। प्रतिभा सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले गंगूराम मुसाफिर की वापसी बेहद अहम है और उनके वापिस आने से पार्टी को शिमला संसदीय क्षेत्र में मजबूती मिलेगी। उल्लेखनीय है कि गंगूराम मुसाफिर सिरमौर जिले के पच्छाद से विधायक और विधानसभा अध्यक्ष भी रहे हैं।

भाजपा—कांग्रेस

प्रदेश में लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव को लेकर भाजपा व कांग्रेस में आरोप प्रत्यारोप का दौर जारी है। भाजपा के मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने कहा है कि कांग्रेस एक डूबता हुआ जहाज है और यहीं कारण है कि नेता कांग्रेस पार्टी छोड़ रहे हैं। शिमला में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नीतियों के परिणामस्वरूप ही नेता पार्टी छोड़ भाजपा में आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव के लिए भाजपा पहले ही अपने प्रत्याशी घोषित कर चुकी है लेकिन कांग्रेस अभी भी उम्मीदवारों की घोषणा नहीं कर पाई है। उन्होंने ये भी कहा कि मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेताओं के बयान में भी काफी ज्यादा विरोधाभास है।

दूसरी ओर प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता मनमोहन कटोच ने चम्बा में एक पत्रकार वार्ता में कहा कि भाजपा ने कमजोर उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एकजुटता के साथ चुनाव लड़ेगी और सभी सीटों पर जीत दर्ज करेगी।

बयान

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा है कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए राज्य सरकार ने कई योजनाएं आरम्भ की हैं। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि भाजपा महिलाओं को उनके अधिकार से वंचित करने के लिए बार—बार चुनाव आयोग जा रही है जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

सुरेश कश्यप

दूसरी ओर लोकसभा चुनाव में भाजपा का प्रचार अभियान भी लगातार जारी है। पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व सांसद सुरेश कश्यप ने चुनाव प्रचार की कड़ी में शिमला जिले के जुब्बल क्षेत्र में कई कार्यक्रमों में भाग लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी विधानसभा चुनाव में किए गए वायदों को पूरा नहीं कर पाई है और राज्य सरकार ने केवल वायदों के विपरीत कार्य किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस ने महंगाई बढ़ाने का काम किया है। सुरेश कश्यप ने कहा कि कांग्रेस सरकार में उनके अपने ही विधायकों के काम नहीं हो पा रहे हैं और यही कारण है कि जनविरोधी सरकार लम्बे समय तक सत्ता में नहीं रह पाएगी।

बसपा

बहुजन समाज पार्टी ने प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष नारायण आजाद ने बताया कि शिमला संसदीय क्षेत्र से अनिल कुमार, मण्डी से प्रकाश चन्द भारद्वाज, हमीरपुर से हेमराज जबकि कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से रेखा रानी को उम्मीदवार बनाया गया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के अलावा बहुजन समाज पार्टी विधानसभा उपचुनाव लड़ने पर भी विचार कर रही है।

खेलकूद

सिरमौर जिला मुख्यालय नाहन में पुरूष वर्ग की राज्य स्तरीय आईटीआई खेलकूद प्रतियोगिता आज सम्पन्न हो गई। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी जिलों से करीब 4 सौ विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल स्पर्धाओं में हिस्सा लिया। समापन समारोह में उपायुक्त सुमित खिमटा ने कहा कि शिक्षा के साथ–साथ खेल प्रतियोगिताएं भी विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य है। उन्होंने युवाओं से आगामी लोकसभा चुनाव में बढ़ चढ़कर भाग लेने का आहवान भी किया।

राशन कार्ड

सर्वोच्च न्यायालय ने असंगठित क्षेत्र में कार्य कर रहे और ई–श्रम पोर्टल पर पंजीकृत सभी प्रवासी श्रमिकों को राशन कार्ड उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं। हमीरपुर जिले में भी इस सुविधा से वंचित रहे श्रमिकों की पहचान कर उन्हें राशन कार्ड दिए जाएंगे। इस संबंध में उपायुक्त अमरजीत सिंह ने आज हमीरपुर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे श्रमिकों के राशन कार्ड पंचायतों के माध्यम से बनाए जाएंगे जबकि शहरी क्षेत्रों में खाद्य आपूर्ति विभाग ये कार्य करेगा।

पूर्वाभ्यास

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए पहली जून को वोट डाले जाएंगे। मतदान को देखते हुए सिरमौर जिले में नियुक्त निर्वाचन अधिकारियों के लिए 25 से 27 अप्रैल तक प्रथम पूर्वाभ्यास का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त सुमित खिमटा ने बताया कि इस कार्यक्रम के दौरान सिरमौर जिले के 5 सौ 89 मतदान केन्द्रों में तैनात होने वाले अधिकारियों को मतदान प्रक्रिया के सुचारू संचालन के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

मौसम

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय बना हुआ है। इसके प्रभाव से बीते 24 घंटों में उंचाई वाले इलाकों में हिमपात व निचले क्षेत्रों में कहीं–कहीं वर्षा हुई है। मौसम के इस मिज़ाज से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। वहीं मध्यम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में इन दिनों सेब के पौधों में फ्लॉवरिंग हो रही है लेकिन मौसम में आए बदलाव से सेब की फसल को नुकसान होने की सम्भावना बढ़ गई है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान कुछ स्थानों पर वर्षा जबकि उंची चोटियों पर हल्के हिमपात की सम्भावना जताई है।

मुख्य समाचार एक बार फिर

- केन्द्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने लोकसभा चुनाव में 4 सौ से अधिक सीटें जीतने का किया दावा–कांग्रेस को बताया भ्रष्टाचार में डूबी हुई पार्टी।
- लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस की बैठकें जारी–पार्टी ने आज शिमला संसदीय सीट पर जीत के लिए बनाई रणनीति।
- भाजपा का आरोप–विधानसभा चुनाव में जनता से किए गए वायदों को पूरा नहीं कर पाई कांग्रेस सरकार।
- बहुजन समाज पार्टी ने प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों के लिए की उम्मीदवारों की घोषणा।